(ङ) क्या तेल निकालने का कार्य सौंपने हेतु इन नियमों और शर्तों का कड़ाई पूर्वक पालन भी किया गया था; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) 31 लघु आकार के तथा 12 मध्यम आकार के तेल एवं गैस क्षेत्रों को विकास के लिये निजी कम्पनियों को दिया गया। कोई बड़े तेल/गैस क्षेत्र नहीं दिये गये ।

(ग) जी, हां ।

(घ) मध्यम आकार के क्षेत्रों के लिये निजी कम्पनियों द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/आयल इंडिया लि० के साथ निगमित अथवा अनिगमित संयुक्त उद्यमों में प्रवेश करना अपेक्षित था जिसमें तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग आयल इंडिया लि० की अनिगमित उद्यमों में शेयर धारिता 40% तथा निगमित उद्यमों में 49% थी । लघु आकार के क्षेत्रों के लिये तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/आयल इंडिया लि० की कोई भागीदारी रूचि नहीं थी और उत्पादन भागीदारी संविदाओं के अधीन निजी कम्पनियों द्वारा इन क्षेत्रों का विकास किया जाना अपेक्षित था। अन्य शर्तों में कम्पनियों द्वारा सिगनेचर एवं उत्पादन बोनस का भुगतान तथा रायल्टी एवं उपकर का भुगतान और साथ ही 50% की दर पर निगम आयकर का भुगतान शामिल है ।

(ङ) प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जा रहा है और बोलीदाताओं के साथ वार्ता होने के बाद संविदाओं पर हस्ताक्षर किये जायेंगे ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

तेल क्षेत्रों से तेल निकालने के कार्य हेतु निर्धारित नियम तथा विनियम

1829. श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में तेल क्षेत्रों से तेल निकालने का कार्य निजी क्षेत्र को सौंपने से पूर्व इस संबंध में नियमों तथा विनियमों को तैयार नहीं किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन नियमों और विनियमों की अनुपस्थिति के कारण अनेक संगठनों में अनेक प्रकार के सन्देह उत्पादन हो गये हैं और यहां तक कि अपने विवादों को सुलझाने हेतु वे न्यायालयों में भी चले गय हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Quantum of Equity Capital Invested in PSUS

1830. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the quantum of equity capital invested in each of the public Sector Undertakings under the Ministry of Petroleum and Natural Gas;

(b) what is the number of persons employed in the Public Sector Undertakings and profitability|loss position of each during the Seventh Five Year Plan period annually as on 31st March, 1993;

(c) what is the likely production in each undertaking during 1993-94 and the targets fixed during the Eighth Five Year Plan Period indicating